# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

# कार्यवृत्त

## विद्या परिषद् की 76वीं बैठक

दिनांक

**11 जून, 2024**

स्थान

**बृहस्पति भवन**

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय

अजमेर ।

# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

## विद्या परिषद् की 76वीं बैठक

## कार्यवृत्त (Minutes)

विद्या परिषद् की 76वीं बैठक दिनांक 11.06.2024 को प्रातः 11.30 बजे बृहस्पति भवन स्थित विद्या परिषद् कक्ष मे सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. अनिल कुमार शुक्ला, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. सुभाष चन्द्र, संकायाध्यक्ष-स्नातकोत्तर अध्ययन एवं विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 3. | प्रो. मोनिका भटनागर, संकायाध्यक्ष-महाविद्यालय | सदस्य |
| 4. | प्रो. शिव दयाल सिंह, संकायाध्यक्ष-समाज विज्ञान संकाय एवं विभागाध्यक्ष-अर्थशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 5. | प्रो. शिव प्रसाद, संकायाध्यक्ष-प्रबन्ध अध्ययन संकाय तथा विभागाध्यक्ष, प्रबन्ध अध्ययन विभाग | सदस्य |
| 6. | प्रो. सुब्रतो दत्ता, संकायाध्यक्ष-विज्ञान संकाय एवं विभागाध्यक्ष-रिमोट सेंसिंग एण्ड जियो-इन्फोरमेटिक्स विभाग एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग | सदस्य |
| 7. | डॉ. अनिल दाधीच, संकायाध्यक्ष-कला संकाय | सदस्य |
| 8. | डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, संकायाध्यक्ष-वाणिज्य संकाय | सदस्य |
| 9. | डॉ. दुष्यन्त त्रिपाठी, संकायाध्यक्ष-ललित कला संकाय | सदस्य |
| 10. | प्रो. एस.वी. शर्मा, संकायाध्यक्ष-शिक्षा संकाय | सदस्य |
| 11. | प्रो. नीरज भार्गव, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साईंस विभाग | सदस्य |
| 12. | प्रो. आशीष भट्नागर, विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 13. | प्रो. रीटा मेहरा, विभागाध्यक्ष, शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त रसायनशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 14. | प्रो. ऋतु माथुर, विभागाध्यक्ष, खाद्य पोषण एवं विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 15. | प्रो. अरविन्द पारीक, विभागाध्यक्ष- वनस्पतिशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 16. | प्रो. रेशमा बूलचंदानी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर | सदस्य |
| 17. | डॉ. देवेन्द्र श्रीमाली, यूनिवर्सिटी कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट स्टडीज कॉलेज, उदयपुर | सदस्य |
| 18. | कुलसचिव | सदस्य-सचिव |

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद् के नवीन सदस्यों का स्वागत किया तथा कुलसचिव महोदया को विद्या परिषद की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया ।

| मद | विवरण | अनुभाग/ विभाग |
|---|---|---|
| मद सं0 01 | **माननीय कुलपति महोदय के निम्नांकित प्रतिवेदित आदेश का अभिलेखन एवं पुष्टि करनाः-**<br>प्रतिवेदन है कि माननीय कुलपति महोदय द्वारा विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अंतर्गत संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की वर्ष 2022 सेमेस्टर परीक्षा एवं 2023 में आयोजित परीक्षाओं में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को एवं अध्यादेश O.124.17(4) के प्रावधानान्तर्गत दिनांक 01.02.2023 से 31.05.2024 तक के शोधार्थियों को शोध उपाधि प्रदान किये जाने वाले अनन्तिम प्रमाण-पत्र (Provisional Certificate) धारियों को संबंधित संकाय और शीर्षक के अनुसार उपाधि प्रदान की जानी है । इस हेतु उपाधि धारण की तिथि (Grace Pass) दिनांक 31 मई, 2024 निर्धारित की गई है ।<br>माननीय कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 16.04.2024 विद्या परिषद् के समक्ष पुष्टि हेतु प्रस्तुत है । | उपाधि |
| निर्णय | **उक्त मद पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से उपाधि धारण की तिथि (Grace Pass) 10 जून, 2024 निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया ।** | |
| मद सं0 02 | विश्वविद्यालय का ग्यारहवां दीक्षान्त समारोह दिनांक 15 जून, 2024 को आयोजित होना निश्चित है जिसमें 45 स्वर्ण पदक एवं 01 कुलाधिपति स्वर्ण पदक कुल 46 स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे ।<br>इसके साथ ही दिनांक 01 फरवरी, 2023 से 31 मई, 2024 तक 164 विद्या वाचस्पति की उपाधियां पारित की गई है, जिन्हें विश्वविद्यालय के ग्यारहवें दीक्षान्त समारोह में सम्मानित किया जायेगा ।<br>अतः उक्त मद विद्या परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है । | उपाधि |
| निर्णय | **उक्त मद पर विचार-विमर्श किया गया । निर्णय संख्या 02 पर उपाधि धारण की तिथि (Grace Pass) 10 जून, 2024 निर्धारित किये जाने का निर्णय लिये जाने के कारण उक्त अवधि तक 45 स्वर्ण पदक एवं 01 कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने तथा 165 विद्या वाचस्पति की उपाधियां पारित किये जाने का निर्णय लिया गया ।** | |

| | | |
|---|---|---|
| मद सं0 03 | Apprenticeship Enabled Degree Programme के तहत आने वाले Tourism & Hospitality, Logistics, Retail Management, BFSI एवं Event Management कोर्सेज को चयनित आठ महाविद्यालयों में चलाने बाबत् प्रबन्ध अध्ययन अध्ययन बोर्ड की बोर्ड ऑफ स्टडिज दिनांक 08.06.2024 को ऑनलाईन आयोजित की गयी जिसमें उक्त कोर्सेज पर ई.मेल के जरिये स्वीकृति देते हुए CRISP के द्वारा प्रदत्त पाठ्यक्रमों को अनुमोदित किया गया ।<br>Life Sciences एवं Health Care कोर्सेज को प्राणीशास्त्र अध्ययन बोर्ड की बैठक दिनांक 10.06.2024 के द्वारा ऑनलाईन अनुमोदित किया गया । उक्त बैठक में संकायाध्यक्ष-प्रबन्ध. अध्ययन संकाय भी आमंत्रित किये गये ।<br>अतः उक्त कोर्सेज को लागू करने के संबंध में मद विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है । | शैक्षणिक-I |
| निर्णय | उक्त प्रस्ताव को स्वीकार किया गया । | |
| मद सं0 04 | उक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित निर्णय लिये गयेः-<br>प्रो. सुब्रतो दत्ता, परीक्षा नियंत्रक ने अवगत कराया कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत लागू प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम अतिशीघ्र घोषित किये जाने है । संकायाध्यक्ष समिति की बैठक दिनांक 21.05.2024 एवं दिनांक 29.05.2024 में सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी करने की परीक्षा स्कीम एवं अंकतालिका के प्रारूप पर अनुशंसा की गयी है । अतः उक्त संकायाध्यक्ष समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर विचार कर निर्णय किया जाना आवश्यक है । माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से संकायाध्यक्ष समिति की बैठक दिनांक 21.05.2024 एवं दिनांक 29.05.2024 के कार्यवृत्त पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया । | शैक्षणिक-I |

बैठक के अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

कुलपति 11.6.24

कुलसचिव